0

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

E-mail ID- sosewa03@gmail.com

संख्या : 02/04(iii)/डी0आर0/उ0शि0वि0/सेवा–3/2022–23 दिनांक : 08 अप्रैल, 2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत विभिन्न विषयों में प्रयोगशाला पद पर सीधी भर्ती के रिक्त 107 पदों पर चयन हेतु विज्ञापन A-3/DR/S-3/2023-24, दिनांक 05 अगस्त, 2023 के माध्यम से '**प्रयोगशाला सहायक, उच्च शिक्षा विभाग (समूह 'ग') परीक्षा–2023**' का विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के अनुक्रम में **दिव्यांगजन अभ्यर्थी** जिनके द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में श्रुतलेखक का दावा किया गया है, **ऐसे अभ्यर्थी श्रुतलेखक के सम्बन्ध में किये गये दावे के सापेक्ष 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता के लिए विज्ञापन के परिशिष्ट–6(1) एवं परिशिष्ट–6(2) तथा ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है, के लिए परिशिष्ट– 7(1) एवं परिशिष्ट–7(2)** को पूर्णतः भरते हुए श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो के साथ परिशिष्ट–6(2) अथवा परिशिष्ट–7(2) में किये गये दावे के आधार पर श्रुतलेखक की शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अंक–तालिका/प्रमाण–पत्र किसी भी माध्यम से आयोग कार्यालय में **दिनाँक 15 अप्रैल, 2024 (सोमवार)** तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त तिथि के पश्चात श्रुतलेखक उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित किसी भी दिव्यांग अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। दिव्यांग अभ्यर्थी उक्त परिशिष्ट आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in एवं विज्ञापन के परिशिष्ट से डाउनलोड कर सकते हैं। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी, जिनके द्वारा श्रुतलेखक आयोग कार्यालय से उपलब्ध कराये जाने का दावा ऑनलाइन आवेदन पत्र में किया गया है, को हरिद्वार में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जायेगा। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि से 02 दिन पूर्व अर्थात **दिनांक 25 अप्रैल, 2024** को लोक सेवा आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर श्रुतलेखक से मिल सकते हैं।

–Sd–

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।